निदेशालय
आई0सी0डी0एस0 उत्तराखण्ड
(महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग)
सुद्दोवाला निकट नंदा की चौकी, चकराता रोड, देहरादून ।
दूरभाष नं0 0135-2775813, 14 , ई0मेलः dir.icds.ua@g mail.com

संख्या /आ०बा०से सुप०भर्ती- /2020-21 दिनांक नवम्बर ,2021

# विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड शासन महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास अनुभाग-1 की अधिसूचना संख्या 3233 /XVII(4)2021-5(28)2011 दिनांक 17 नवम्बर 2021 एवं शासनादेश संख्या 123/XXX(2)/2019-30(01)/2019 दिनांक 29 अप्रैल 2019 द्वारा लागू आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु आरक्षण एवं शासनादेश संख्या 124/XXX(2)/2020-53(01)/2001, दिनांक 22 मई 2020 के अनुसार पद आधारित रोस्टर नाति के प्राविधानानुसार **महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग उत्तराखण्ड, देहरादून** के अन्तर्गत **आँगनवाड़ी कार्यकर्ती /मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ती से सुपरवाईजर** पद हेतु रिक्त **126 पदों** पर भर्ती वर्ष 2021-22 हेतु केवल निर्धारित अर्हता पूर्ण करने वाली उत्तराखण्ड में वर्तमान कार्यरत आँगनवाड़ी कार्यकर्तियों एवं कार्यरत मिनी आँगनवाड़ी कार्यकर्तियों से विभागीय वैबसाईट www.wecd.uk.gov.in तथा www.wecduk.in पर आनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 19 नवम्बर 2021 से दिनांक 05 दिसम्बर, 2021 की सायः 05 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं।

01 पदनाम - सुपरवाईजर (समूह 'ग')
02 वेतनमान :- रू० 29200-92300, लेवल- 05
03 रिक्त पदों की संख्या :- 126
04 सीधी भर्ती हेतु निर्धारित रोस्टर के अनुसार रिक्तियों का आरक्षित श्रेणीवार विवरणः-

**आंगनबाड़ी कार्यकर्ती हेतु रिक्त पदों का विवरण**

| पदनाम | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | अनारक्षित | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सुपरवाईजर | 21 | 4 | 21 | 6 | 62 | 114 |

**मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ती हेतु रिक्त पदों का विवरण**

| पदनाम | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | अनारक्षित | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सुपरवाईजर | 3 | 0 | 2 | 0 | 7 | 12 |

**नोटः-** शासनादेशानुसार उक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों के विज्ञापित पदों में से 01 पद दिव्यांग (PB,PD,OA अनुसूचित जाति) 01 पद दिव्यांग (PB,PD,OA अन्य पिछड़ा वर्ग) 01 पद दिव्यांग (PB,PD,OA अनारक्षित) श्रेणी एवं 01 पद स्वतन्त्रता सग्राम सैनानी के आश्रित को क्षैतिज आरक्षण का लाभ अनुमन्य होगा।

05 **आयुः-** आंगनबाड़ी कायकर्ती की आयु भर्ती वर्ष के प्रथम दिवस(दिनांक 01 जुलाई 2021) को न्यूनतम 31 वर्ष एवं अधिकतम 59 वर्ष होनी चाहिये।

06 **अनिवार्य अर्हताः-** आवेदन करने हेतु वर्तमान में कार्यरत ऐसी आंगनवाड़ी कायकर्ती एवं मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री ही अर्ह होगीं जिन्होनें भर्ती वर्ष के प्रथम दिवस(दिनांक 01 जुलाई 2021) को आंगनबाड़ी कायकर्ती /मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री के मानदेय पद पर **10 वर्ष की** अभिलेखों के आधार पर निरन्तर संतोषजनक मानदेय सेवा पूर्ण कर ली हो।



Scanned with CamScanner

सम्बन्धित बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा निर्धारित तिथि को 10 वर्ष अथवा अधिक अवधि की निरन्तर मानदेय सेवा पूर्ण करने का जारी अनुभव प्रमाण-पत्र सम्बन्धित जिला कार्यक्रम अधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित कर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों के आवेदन पत्र स्वतः निरस्त समझे जायेगें, तथा उन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

07 **अनिवार्य शैक्षिक अर्हताः-** भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से स्नातक या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण हो।

मैरिट के अकों का निर्धारण निम्नलिखित रूप से किया जायेगा।

(एक) शैक्षिक योग्यता हेतु अधिकतम 12 अंक
(हाईस्कूल से स्नात्कोत्तर परीक्षा तक प्रथम, द्वितीस तथा तृतीय श्रेणी हेतु क्रमशः 3,2 तथा 1 अंक का प्राविधान होगा)

(दो) आंगनबाड़ी कार्यकत्री/मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री को प्राप्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु 06 अंक

(तीन ) आंगनबाड़ी कार्यकत्री/मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री को प्राप्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री राज्य पुरस्कार हेतु 04 अंक

(चार ) आंगनबाड़ी कार्यकत्री/मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री की 10 वर्ष की सेवा के उपरान्त की गयी सेवा के लिये प्रत्येक अनुवर्ती पूर्ण वर्ष के लिये 01 अंक प्राप्त

(पाँच ) ऐसे कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्री/मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री जिन्होने भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि समाज शास्त्र अथवा समाज कार्य अथवा गृह विज्ञान में प्राप्त की हो, को 01 अंक की वरीयता प्रदान की जायेगी।

**आवेदन कैसे करें :-** विभागीय वैबसाईट www.wecd.uk.gov.in तथा www.wecduk.in पर जाकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ती/मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ती से सुपरवाईजर के पद पर चयन हेतु अपना आवेदन कर सकती है। आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 05 दिसम्बर 2021 सांय 05.00 बजे तक निर्धारित की जाती है। आवेदन के साथ निम्न प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

- स्वप्रमाणित हाईस्कूल या समकक्ष तथा उससे उच्च प्रत्येक परीक्षा के प्रमाण पत्र तथा अंक पत्र की प्रति।
- सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त आरक्षित वर्ग का जाति प्रमाण पत्र।
- स्थाई निवास/ मूल निवास का सक्षम अधिकारी के द्वारा जारी प्रमाण पत्र।
- सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त दिव्यांगजन का प्रमाण पत्र।
- सम्बन्धित बाल विकास परियोजना अधिकारी से हस्ताक्षरित निर्धारित प्रारूप पर जारी दिनांक 01 जुलाई 2021 को 10 वर्ष या उससे अधिक की निरन्तर मानदेय सेवा पूर्ण करने का अनुभव प्रमाण पत्र जो सम्बन्धित जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित हो।

**नोटः-**

01 रिक्तियों की संख्या घट-बढ़ सकती है।

02 उपरोक्त विज्ञप्ति के क्रम में निर्धारित अर्हता पूर्ण करने वाली आंगनबाडी कार्यकर्ती /मिनी कार्यकर्ती निर्धारित समयान्तर्गत यदि आवेदन नहीं करती हैं, तो बाद में उनका कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

03 यदि समिति के समक्ष यह प्रकाश में आता है कि किसी अभ्यर्थी द्वारा आवेदन में गलत तथ्य अथवा गलत अभिलेख प्रस्तुत किये जाते हैं, तो उनका आवेदन समिति द्वारा निरस्त कर दिया जायेगा।



Scanned with CamScanner

निदेशालय
आई0सी0डी0एस0 उत्तराखण्ड
(महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग)
सुद्दोवाला निकट नंदा की चौकी, चकराता रोड, देहरादून ।
दूरभाष नं0 0135-2775813, 14 , ई0मेलः dir.icds.ua@g mail.com

04 आरक्षण,स्थाई निवास, सेवा अनुभव, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र एवं अंकतालिका, राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन के प्रमाण पत्र, कार्यकर्ती/मिनी कार्यकर्ती के पद का नियुक्ति आदेश सम्बन्धी वांछित अभिलेख स्कैन कर आवेदन पत्र के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है। ऑनलाईन आवेदन प्राप्ति की अन्तिम तिथि के पश्चात पृथक से कोई प्रमाण पत्र/प्रत्यावेदन स्वीकार्य नहीं होंगें।

05 सम्बन्धित को सक्षम अधिकारी के द्वारा जारी मूल निवास/स्थाई निवास तथा जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

06 सुपरवाईजर का पद राज्य स्तरीय पद है, तथा इनकी सेवायें सम्पूर्ण उत्तराखण्ड राज्य में स्थानान्तरणीय है।

07 अनुभव प्रमाण पत्र का प्रारूप विज्ञप्ति के साथ संलग्न हैं।

08 आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख हेतु 100 से 500 KB तथा फोटो एवं हस्ताक्षर हेतु 10 से 100 KB तक अपलोड किया जा सकता है।

## अनुभव प्रमाण पत्र

### 01 जुलाई 2021 को 10 वर्ष अथवा उससे अधिक अवधि की निरन्तर मानदेय सेवा पूर्ण करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ती/मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री हेतु।

प्रमाणित किया जाता है कि सुश्री/श्रीमती................................ पिता/पत्नी...............को बाल विकास परियोजना कार्यालय के आदेश संख्या...... ........दिनांक............. द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ती/मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ती के पद पर आंगनबाड़ी/मिनी आंगनबाड़ी केन्द्र................................ .................... (केन्द्र का पूर्ण पता) बाल विकास परियोजना ............... जनपद...................में नियुक्त किया गया था, इनके द्वारा दिनांक 01 जुलाई 2021 को आंगनबाड़ी कार्यकर्ती/मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ती के पद पर.....वर्ष...... माह ....दिन की निरन्तर मानदेय सेवा अवधि पूर्ण कर ली गयी है। सुश्री/श्रीमती .. ......................... वर्तमान में भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ती/मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ती के मानदेय पद पर कार्यरत है।

| | |
|---|---|
| जारीकर्ता<br>बाल विकास परियोजना अधिकारी<br>हस्ताक्षर सील/दिनांक सहित<br>मोहर सहित | प्रतिहस्ताक्षरित<br>जिला कार्यक्रम अधिकारी<br>हस्ताक्षर सील/दिनांक सहित<br>मोहर सहित |

(हरि चन्द सेमवाल)
निदेशक
महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग,
उत्तराखण्ड देहरादून।